# मुख्य तथ्य विवरण

## इंडियन बैंक पीएम-स्वनिधि क्रेडिट कार्ड

01 अक्टूबर, 2025 से प्रभावी

**प्रभारों की अनुसूची:** विभिन्न लागू प्रभारों से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु

| क्र.सं. | **सेवाओं की प्रकृति** | **पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड** |
|---|---|---|
| 1 | ज्वाइनिंग शुल्क | शून्य |
| 2 | ब्याज दर | 45 दिनों की ब्याज मुक्त अवधि के पश्चात 1.99% प्रति माह |
| 3 | विलंब शुल्क | ₹500 तक की बकाया राशि पर कोई दंडात्मक प्रभार नहीं, इससे अधिक होने पर ₹250/- |
| 4 | वार्षिक सदस्यता (एएमसी शुल्क) | शून्य |
| 5 | नकद अग्रिम प्रभार | लागू नहीं |
| 6 | नकद अग्रिम शुल्क | लागू नहीं |
| 7 | ओवरलिमिट शुल्क | रु.25 |
| 8 | सीमा वृद्धि शुल्क | रु.25 |
| 9 | चेक वापसी प्रभार / अमान्य चेक शुल्क | रु.50 |
| 10 | **कार्ड पुनः जारी किया जाना** | रु.100 |
| 11 | रिवार्ड प्वाइंट | कार्ड प्रकार के लिए मौजूदा रिवॉर्ड पॉइंट प्रोग्राम के अनुरुप |
| 12 | बीमा कवरेज | कार्ड प्रकार के लिए उपलब्ध बीमा कवरेज के अनुरूप |
| 13 | भुगतान की विधि | सभी प्रकार के उपलब्ध भुगतान माध्यमों को सक्षम किया जाएगा, जैसे कि कार्डधारक के बैंक खाते से सीधे नामे, एनईएफटी, ईसीएस/एनएसीएच, यूपीआई ऑटो भुगतान आदि। |
| 14 | पिन मेलर पुनः जारी शुल्क | रु.25 |
| 15 | विदेशी मुद्रा लेनदेन शुल्क (मार्क-अप शुल्क) | लागू नहीं |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | अधिभार | पेट्रोल पर लेनदेन राशि का 2.5%, रेलवे टिकट पर 1.8% |
| 17 | विवरण पुनःप्राप्ति शुल्क | रु. 50 प्रति विवरण |
| 18 | चार्ज स्लिप पुनःप्राप्ति शुल्क | रु. 75 प्रति स्लिप |
| 19 | एटीएम के माध्यम से शेषराशि की पूछताछ | भारत में रु.35 |
| 20 | बैंक के एटीएम से नकद आहरण | लागू नहीं |
| 21 | भारत में अन्य बैंकों के एटीएम से नकद आहरण | लागू नहीं |
| 22 | विदेश में किसी भी एटीएम से नकद निकासी | लागू नहीं |
| 23 | कार्ड हॉटलिस्टिंग शुल्क | शून्य |
| 24 | ऐड-ऑन कार्ड निर्गमन शुल्क | लागू नहीं |
| 25 | ईएमआई संपरिवर्तन शुल्क | ईएमआई में रुपांतरण लेनदेन राशि पर 2% का एकमुश्त प्रसंस्करण शुल्क लिया जाएगा, जो न्यूनतम ₹199 और अधिकतम ₹1,000 तक होगा। |
| 26 | ईएमआई फोरक्लोज़र शुल्क | शून्य |

सभी शुल्क, ब्याज और अन्य प्रभारों पर माल और सेवा कर लागू है।

- **आहरण उपयोग सीमा**:

| दैनिक उपयोग सीमा | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **कार्ड उत्पाद** | **एटीएम नकद सीमा** | **पीओएस / ई-कॉम क्रय सीमा** | **अधिकतम कुल सीमा** |
| 1 | रुपे क्लासिक कार्ड | शून्य | कार्ड सीमा तक | कार्ड सीमा तक |

- **क्रय हेतु ब्याज मुक्त** क्रेडिट **अवधि:** लेनदेन की तिथि के आधार पर न्यूनतम 20 दिन और अधिकतम 51 दिन तक, जैसा कि निम्नानुसार दिया गया है:
  - बिलिंग तिथि से, देय राशि का भुगतान करने के लिए 20 दिनों का समय दिया जाता है।
  - बिलिंग चक्र के पहले दिन क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने पर आपको अधिकतम 51 दिनों की ब्याज मुक्त क्रेडिट अवधि मिलेगी, जबकि बिलिंग चक्र के अंतिम दिन से एक दिन पहले कार्ड का उपयोग करने पर आपको अधिकतम 21 दिनों की ब्याज मुक्त क्रेडिट अवधि मिलेगी (बिलिंग चक्र महीने के पहले दिन से अंतिम दिन तक चलता है)।

| उदाहरण | |
|---|---|
| विवरण जेनरेट: 1 अप्रैल<br>विवरण अवधि: 1 मार्च से 31<br>भुगतान नियत तिथि: 21 अप्रैल | |
| क्रय तिथि | ब्याज मुक्त अवधि |
| 1 मार्च | 51 दिन |
| 31 मार्च | 21 दिन |
| 15 मार्च | 38 दिन |

- यदि पिछले विवरण अवधि की बकाया राशि का पूरा भुगतान नियत तिथि से पहले नहीं किया जाता है, तो क्रय पर प्राप्त ब्याज मुक्त अवधि की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

- **बिलिंग**:

  बिलिंग विवरण - आवधिकता और प्रेषण का तरीका:

  - बिलिंग विवरण प्रत्येक महीने की 1 तारीख को जेनरेट होगा। बिल की हार्ड कॉपी कूरियर या डाक सेवाओं के माध्यम से भेजी जाएगी और जिन ग्राहकों ने ई-स्टेटमेंट का विकल्प चयन किया है, उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर स्टेटमेंट भेजी जाएगी।
  - भुगतान की नियत तिथि, विवरण की तारीख से 21वें दिन होगी। यदि बिलिंग विवरण पूर्व निर्धारित तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त नहीं होता है, तो कार्डधारकों को तत्काल ग्राहक सेवा केंद्र अथवा क्रेडिट कार्ड सेंटर से बिलिंग जानकारी हेतु संपर्क करने की सलाह दी जाती है।

- न्यूनतम देय राशि:
  - बिल राशि का 10%
- क्रेडिट कार्ड बिल के भुगतान की पद्धति
  - **जिन ग्राहकों ने ऑटो-डेबिट सुविधा के विकल्प का चयन किया है:** उनके आवेदन में उल्लिखित कुल देय राशि या न्यूनतम देय राशि, भुगतान की नियत तिथि पर उनके नामित खाते से नामे कर लिया जाएगा। तथापि, यदि कुल देय राशि को नामे करने के लिए खाते में पर्याप्त शेषराशि उपलब्ध नहीं है, तो इसे देय राशि का नॉन-पेमेंट माना जाएगा और उस पर विलंब भुगतान शुल्क तथा अन्य प्रभार लागू होंगे।
  - चेक द्वारा: 16-अंकों के क्रेडिट कार्ड नंबर के पक्ष में चेक या ड्राफ्ट बना कर।
  - नकद/खाता अंतरण द्वारा: अपनी निकटतम इंडियन बैंक शाखा में जाकर।
  - इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से: ग्राहकों को इंटरनेट बैंकिंग में लॉग इन करना होगा, 'लाभार्थी जोड़ें' पर क्लिक करना होगा और 'क्रेडिट कार्ड खाता' चुनकर अपना कार्ड विवरण दर्ज करना होगा। आईबी क्रेडिट कार्ड भुगतान पर क्लिक करके, जब चाहें, कार्ड से भुगतान किया जा सकता है।

- इंडस्मार्ट ऐप: ग्राहक क्रेडिट कार्ड विकल्प के तहत उपलब्ध कार्ड का चयन कर सकते हैं और 'भुगतान' विकल्प के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं या बिल भुगतान विकल्प के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं।
- इंडियन बैंक क्रेडिट कार्ड ऐप के माध्यम से।
- आईएमपीएस/नेफ्ट/आरटीजीएस: कृपया गंतव्य शाखा 'इंडियन बैंक नंदनम शाखा', आईएफएससी कोड-IDIB000N078 और खाता संख्या INBCC<आपका 16-अंकों का पूरा क्रेडिट कार्ड नंबर> का उद्धृत करें।
- विभिन्न क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान ऐप के माध्यम से।

- **बिलिंग संबंधी विवाद का समाधान**:

  - स्टेटमेंट की सभी प्रविष्टियाँ तब तक सही एवं कार्डधारक द्वारा स्वीकृत मानी जाएगी, जब तक कार्डधारक द्वारा किसी विसंगति की सूचना स्टेटमेंट तिथि से 21 दिनों के भीतर इंडियन बैंक, प्रधान कार्यालय: क्रेडिट कार्ड सेंटर को नहीं दी जाती।
    - वरिष्ठ प्रबंधक, कॉ.का.: क्रेडिट कार्ड सेंटर, तीसरी मंजिल, इंडियन बैंक बिल्डिंग,
      66 राजाजी सालै, चेन्नै- 600001
      ईमेल: creditcard@indianbank.bank.in
      ग्राहक सेवा के लिए, कृपया कॉल करें:

  ग्राहक सेवा केंद्र: टोल फ्री नंबर: 18001700

- **चूक की स्थिति में प्रभार**:
  - **'न्यूनतम देय राशि' का भुगतान न करना**: भुगतान की नियत तिथि के भीतर बिलिंग स्टेटमेंट में उल्लिखित न्यूनतम देय राशि का भुगतान, नहीं करने पर कार्ड को ब्लॉक करने के अलावा रु. 250/- का विलंब प्रभार लिया जाएगा, न्यूनतम देय राशि का भुगतान करने पर ही कार्ड अनब्लॉक किया जाएगा। विलंब भुगतान शुल्क केवल तभी लगाया जाएगा, जब क्रेडिट कार्ड खाता तीन दिनों से अधिक समय तक 'पास्ट ड्यू' रहें। विलंब भुगतान प्रभार की गणना क्रेडिट कार्ड विवरण में दर्शाई गई भुगतान की नियत तिथि से की जाती है। ₹500 तक की देय राशि पर कोई विलंब शुल्क नहीं लगाया जाएगा। यदि कोई भी राशि ₹500 से अधिक है, तो विलंब शुल्क लागू होगा।

    यदि ग्राहक केवल न्यूनतम देय राशि का भुगतान करने का चयन करता है, तो क्रय लेनदेन पर लागू वित्तपोषण शुल्क क्रय की तिथि से बिलिंग विवरण में दी गई भुगतान तिथि तक लगाया जाएगा।
    प्रत्येक महीने केवल न्यूनतम राशि का भुगतान करने पर लागू वित्तपोषण प्रभार सहित पुनर्भुगतान अगामी महीनों में भी जारी रहेगा; उदाहरणार्थ, यदि क्रेडिट कार्ड पर रु. 5,000/- का लेनदेन किया जाता है और प्रत्येक माह केवल न्यूनतम राशि (मान लें 5%) का ही चुकौती की जाती है, तो इसके परिणामस्वरूप पुनर्भुगतान 6 वर्षों तक जारी रहेगा।

- **शिकायत निवारण और क्षतिपूर्ति फ्रेमवर्क:**

  - कार्डधारक अपनी सभी शिकायतें केंद्रीयकृत शिकायत निवारण प्रणाली (सीजीआरएस) के माध्यम से दर्ज कर सकते हैं, इसके लिए बैंक की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध है।
  - शिकायतों के निवारण की समय-सीमा 7 (सात) कार्य दिवस है।
  - असफल/विफल लेनदेन, शिकायत निवारण में विलंब, खाता बंद करने में देरी/खोये या चोरी हुए कार्ड को ब्लॉक करने आदि के लिए क्षतिपूर्ति आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार है।
    - ➢ शिकायत निवारण अधिकारी: श्री अमित चौधरी, महाप्रबंधक (केवाईसी/एएमएल/सीएससी), इंडियन बैंक, प्रधान कार्यालय, नंबर 66, राजाजी सालै, चेन्नै - 600001, टेलीफोन: .044-25279970, ईमेल: nodalofficer@indianbank.bank.in
    - ➢ ग्राहक सेवा के लिए कृपया कॉल करें:
    - ➢ ग्राहक सेवा केंद्र: फोन: टॉल फ्री नंबर: 18001700.